# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुंवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :1493 /प्रवेश /MSU/ 2023–24 दिनांक : 06-11-2023

## एल.एल0बी0 (03 वर्षीय व 05 वर्षीय) प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों /संस्थानों में एल.एल0बी0 तीन वर्षीय एवं एल.एल0बी0 पॉच वर्षीय (बी0ए0 एल.एल0बी0, बी0काम0 एल.एल0बी0) पाठयकमों में सत्र 2023–24 में अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय वैबसाईट पर आनलाईन पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 07.11.2023 तथा उसके उपरान्त महाविद्यालयों/संस्थानों में पंजीकरण करने की तिथि 08.11.2023 निर्धारित की गयी है (बी0ए0 एल.एल0बी0, बी0काम0 एल.एल0बी0 में आनलाईन पंजीकरण करने का 06 व 07 नवम्बर 2023 को पुनः अवसर दिया गया है)।पंजीकृत अभ्यर्थियों की उपरोक्त पाठयकमों में प्रवेश प्रकिया नियमानुसार संलग्न समय –सारणी (प्रवेश कार्यकम) अनुसार की जानी है। सभी महाविद्यालयों /संस्थानों से अपेक्षित है कि निर्धारित समय–सारणी /प्रवेश कार्यकम का अनुपालन सुनिश्चित करें। **एल.एल0बी0 पाठयकम में प्रवेश केवल उन्हीं महाविद्यालयों/संस्थानों में कराये जायेगें जिन्हें बार कॉसिल ऑफ इण्डिया (B.C.I.) के द्वारा सत्र 2023–24 हेतु मान्यता सम्बंधी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा तथा वे विश्वविद्यालय में जमा करा देगें।**

**अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश**

1. जिस अभ्यर्थी का नाम निर्धारित तिथि को महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में होगा, उस अभ्यर्थी को ही निर्धारित कार्यकमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
2. मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के मैसेज प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट https://msuweb.in/ पर जाकर अपनी लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड की सहायता से ऑफर लैटर डाउनलोड करेगें।
3. आफर लैटर , रजिस्ट्रेशन फार्म एवं सभी शैक्षिक एवं अन्य आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति, मूल अभिलेख, फोटो इत्यादि लेकर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करेंगें।
4. यह स्मरण कराना समीचीन है कि अभ्यर्थी को प्रवेश न लेने की स्थिति में सीट रिक्त रहने की स्थिति में ही ओपन मेरिट में प्रवेश का अवसर मिल सकता है।
5. किसी भी मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना यदि गलत पायी जाती है तो उसी समय अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अनुसूचित जाति/ जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर (EWS), विकलांग, स्वतन्त्रता सेनानी, पूर्व सेनिक वार्ड इत्यादि सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय न होने की स्थिति में आरक्षण सम्बन्धी कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।
8. प्रवेश लेने के समय सभी मूल शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख अभ्यर्थी अपने साथ रखें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
9. प्रवेश के समय अभ्यर्थी अपने निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रति अपने साथ लायें।

- i Application form (Print)
- ii Offer Letter
- iii High school mark sheet and Certificate
- iv Intermediate mark sheet and Certificate
- v Graduation , Post Graduation mark sheet and Degree
- vi Domicile certificate (for other state)
- vii Migration Certificate (if required)
- viii Category certificate (if required)
- ix Weightage certificate( if required)
- x Aadhaar card
- xii Latest passport size photographs
- xii Character and transfer certificate( in original)

Contd.....

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन--247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in


**महाविद्यालय / संस्थान हेतु आवश्यक निर्देश**

1 महाविद्यालय अपने स्तर से समस्त प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के मूल पत्राजात प्रवेश समिति द्वारा पूर्ण रूप से जॉच कराना सुनिश्चित करें।

2 महाविद्यालय/संस्थान अनिवार्य रूप से मेरिट सूची हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) कराना सुनिश्चित करें। मैरिट सूची हेतु अंतिम तिथि के उपरान्त प्रवेश सम्पुष्ट नहीं हो पायेगें।

3 संलग्न प्रवेश कार्यक्रम में वर्णित तिथि को ओपन सूची के साथ–साथ महाविद्यालय /संस्थान ओपन प्रतीक्षा सूची प्रथम व ओपन प्रतीक्षा सूची द्वितीय भी जारी करेगें, ताकि प्रवेश प्रकिया यथाशीघ्र पूर्ण की जा सके।

**संलग्नक : प्रवेश कार्यक्रम प्रति**

06-11-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आश्य से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

06-11-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
# Maa Shakumbharti University, Saharanpur

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

## LL.B./B.A.LL.B./B.COM.LL.B. कक्षाओं हेतु शैक्षणिक सत्र (2023–24)
## प्रवेश कार्यक्रम

| क्रम | विवरण | दिनांक | प्रथम वरीयता सूची | द्वितीय वरीयता सूची | ओपन सूची | ओपन प्रतीक्षा सूची–01 | ओपन प्रतीक्षा सूची–02 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वि0वि0 पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण आरम्भ कराने की तिथि | B.A.LL.B. (17 मई 2023)<br>B.COM.LL.B. (17 मई 2023)<br>LL.B. (23 सितम्बर 2023) | | | छात्रों द्वारा वि.वि. पोर्टल से आपेन मेरिट हेतु आवेदन पत्र डाउनलोड करने की तिथि<br>21&22 नवम्बर 2023<br>दोपहर 12 बजे तक | | |
| 02 | वि0वि0 पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि | 07 नवम्बर 2023 | | | | | |
| 03 | महाविद्यालयों में छात्रों हेतु पंजीकरण की अन्तिम तिथि | 08 नवम्बर 2023 | | | | | |
| 04 | महाविद्यालयों द्वारा अपने यहा पंजीकृत छात्रों को वि0वि0 पोटल पर अपडेट करने की अंतिम तिथि | 08 नवम्बर 2023 | | | छात्रों हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि<br>22 नवम्बर 2023<br>दोपहर 02 बजे तक | | |
| 05 | वि0वि0 पोर्टल पर महाविद्यालयों को मास्टर लिस्ट (डाटा) उपलब्ध कराने की तिथि | 09 नवम्बर 2023 | | | 22 नवम्बर 2023<br>सायं 05 बजे तक | | |
| 06 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर वरीयता सूची अपलोड कराने व छात्रों हेतु जारी करने की अंतिम तिथि | | 10 नवम्बर 2023<br>12 बजे तक | 18 नवम्बर 2023<br>दोपहर 02 बजे तक | 23 नवम्बर 2023<br>दोपहर 12 बजे तक | | |
| 07 | विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर लैटर जारी करने की तिथि | | 11 नवम्बर 2023 | 18 नवम्बर 2023<br>सायं 05 बजे तक | 23 नवम्बर 2023<br>सायं 05 बजे तक | 27 नवम्बर 2023 | 29 नवम्बर 2023 |
| 08 | महाविद्यालयों द्वारा छात्रों को प्रवेश प्रदान करने की तिथि | | 16 व 17 नवम्बर 2023 | 20 नवम्बर 2023 | 25 नवम्बर 2023 | 28 नवम्बर 2023 | 29 नवम्बर 2023 |
| 09 | महाविद्यालयों द्वारा वि0वि0 पोर्टल पर प्रवेश सम्पुष्ट करने की तिथि | | 17 नवम्बर 2023 | 20 नवम्बर 2023 | 25 नवम्बर 2023 | 28 नवम्बर 2023 | 29 नवम्बर 2023 |

नोट :– प्रस्तुत प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। संशोधन सम्भव है : विस्तृत व अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

Sam